Date: 11.3.2021	**Publication:** Hindi.news18.com
Headline: Job Speak: Be ready to learn, unlearn & relearn. Know how to get a good job.	

नौकरी की बात : सीखने, भूलने और फिर से सीखने के लिए रहें तैयार, जॉब पाने के लिए जानिए ऐसे ही जरूरी मंत्र

NEWS18HINDI | LAST UPDATED: MARCH 11, 2021, 11:31 PM IST

डिजिटल स्किल, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट स्किल, एडवांस स्किल आदि में विशेषज्ञता हासिल करना चाहिए.

नौकरी की बात सीरिज में आज बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस(Bajaj Allianz General Insurance) के मैनेजिंग डायरेक्टर तपन सिंघल (Tapan Singhel) से जानिए, इंश्योरेंस सेक्टर में नौकरियों के अवसर व इसकी तैयारियों के तरीके...

नई दिल्ली. कोविड-19 (Covid-19) से देश उबरने लगा है और अर्थव्यवस्था फिर से पटरी पर आने लगी है. लिहाजा, कंपनियों में भर्तियां शुरू हो गई है. अपने युवा पाठकों के लिए न्यूज18 ने देश के टॉप एचआर लीडर (HR Leader) के साथ खास सीरिज "नौकरी की बात" (Noukari ki bat) शुरू की है.

"नौकरी की बात" की इस सीरिज में बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस(Bajaj Allianz General Insurance) के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ तपन सिंघल(Tapan Singhel) ने इंश्योरेंस सेक्टर में नौकरियों के अवसर व इसकी तैयारियों के तरीके पर बात की. उन्होंने बताया कि भारत में 60 से ज्यादा बीमा कंपनियां, 400 से ज्यादा ब्रोकिंग फर्म, 550 से ज्यादा कॉर्पोरेट एजेंट, 50 से ज्यादा टीपीए और वेब एग्रीगेटर्स के अलावा 20 लाख एजेंट हैं. उनके मुताबिक बीमा उद्योग में जिनके पास प्रोडक्ट सेल करने का हुनर है उनके लिए अवसर दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे हैं. इसलिए बीमा क्षेत्र लोगों के पसंदीदा करियर के रूप में देखा जा रहा है.

सवाल : जिन लोगों की महामारी के दौरान नौकरी गई, उन्हें क्या करना चाहिए?

जवाब : कई रिपोर्ट्स साबित करती हैं कि महामारी के कारण भारत में 41 लाख लोगों को उनकी नौकरी से हाथ धोना पड़ा है जो कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है. दूसरे नजरिए से देखा जाए तो इसने युवाओं को उनके कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने और नई परिस्थितियों में ढलने का अवसर प्रदान किया और साथ ही साथ उनके लर्निंग पोर्टफोलियो में विशेषज्ञता और विविधता के नए आयाम को आत्मसात करने को प्रेरित किया. हमारे जैसे युवा देश में सीखने, भूलने और फिर से सीखने (learning, unlearning and relearning) का चक्र चलते रहना काफी महत्वपूर्ण है. कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी उम्र क्या है. आज की तारीख में डिजिटल स्किल, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट स्किल, एडवांस स्किल आदि में विशेषज्ञता हासिल करना चाहिए. सहानुभूति और भावनात्मक रूप से मजबूत होकर चुस्त दिमाग वाला प्रोफेशनल बनाना आज की जरूरत है. सीखने की वीडियो, इंटरेक्टिव कोर्स, पॉडकास्ट और सिमुलेशन आदि के माध्यम से उपलब्ध हैं.

बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस (Bajaj Allianz General Insurance) के मैनेजिंग डायरेक्टर तपन सिंघल (Tapan Singhel)

सवाल : महामारी के बाद से बहुत सारे कोर्स ऑनलाइन उपलब्ध है. अगर कोई इन कोर्स को करता है तो क्या उन्हें कंपनियां काम पर रखेंगी?

जवाब : हां, निश्चित रूप से महामारी के बाद ऑनलाइन लर्निंग इंडस्ट्री ने अप-स्किलिंग और खुद को फिर से तैयार करने के लिए नए और आकर्षक कोर्सेज और लर्निंग मटीरीअल में एक बड़ा मौका देखा है. आज की तारीख में लोगों को न केवल अपने पेशे और डोमेन के लिए सीखने के स्किल पर निवेश करना चाहिए, बल्कि दूसरे फंक्शनल सबजेक्ट्स के बारे में भी कुछ ज्ञान प्राप्त करने में सक्षम होना चाहिए.

सवाल : जब मार्केट धीरे-धीरे खुल रहा है तो कहां और कैसे युवाओं को नौकरी की तलाश करनी चाहिए?

जवाब : काम करने के घंटे, तौर तरीके, आने जाने के साधन, घर से काम करने का नया सिस्टम, सब कुछ बदल गया है. प्रोफेशनल सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की दुनिया ने हमें मजबूत प्रोफाइल बनाने, इंडस्ट्री लीडर्स के साथ जुड़ने, विभिन्न लेखों पर विचार प्रस्तुत करने और प्रोफेशनल हस्तियों द्वारा लिखे गए पोस्टों को पढ़ने और उनसे सीखने के साथ ही साथ एक नेटवर्क बनाने, ऑनलाइन सेमिनार में भाग लेने के भरपूर अवसर प्रदान किए हैं.

सवाल : क्या कोविड-19 के बाद जॉब देने की प्रक्रिया में बदलाव हुआ है?

जवाब : हां. रीक्रूट्मन्ट प्रक्रिया में कोविड के बाद जबरदस्त बदलाव आया है. अब हम वन टू वन मीटिंग के बजाय अपनी हायरिंग प्रक्रिया वर्चुअल हायरिंग ड्राइव्स के माध्यम से कर इसे डिजिटल बना चुके हैं. यहां ऊंचे लेवल और क्रिटिकल हायरिंग, वीडियो कॉल के माध्यम से प्रभावी ढंग से किए जा रहे हैं. इन्टीग्रेशन ने हमारी भर्ती प्रक्रिया को बदल कर रख दिया है. अब किसी कैंडिडेट को काम पर रखने की स्क्रीनिंग प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन हो गई है जो विभिन्न टूल्स जैसे कि व्यावहारिक आकलन (behavioural assessment), कौशल-निर्धारित समझ (skill-set understanding) और इंटरक्टिव असाइनमेंट और हायरिंग मैनेजर के साथ वर्चुअल क्षमताओं के माध्यम से संचालित होते हैं.

सवाल : इस कठिन समय में इंटरव्यू के लिए कैसे तैयारी करनी चाहिए?

जवाब : नौकरी चाहने वालों के लिए यह समझना आवश्यक है कि प्रतिस्पर्धा काफी तीखी होगी और इसलिए उन्हें पहले से ही साक्षात्कार के लिए तैयार करना होगा. उन्हें कुछ अलग करना होगा, दिखना होगा. तेज दिमाग के साथ इस बात पर पूरा नियंत्रण रखना होगा कि आप इंटरव्यू को कैसे फेस करते हैं. इसके अलावा नौकरी चाहने वालों के लिए विभिन्न इंडस्ट्री द्वारा संचालित होने वाले सेमिनारों में भाग लेना होगा, वर्तमान बाजार के कामकाज पर समझ रखने की योग्यता विकसित करनी होगी.

सवाल : वर्तमान परिस्थितियों में किस तरह के करियर को अपनाया जा सकता है?

जवाब : कमोबेश हर क्षेत्र में नौकरी के अवसर खुल रहे हैं. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग, हेल्थकेयर इंडस्ट्री ऑनलाइन शिक्षा जैसे क्षेत्रों दुनिया को एक नया आकार देने वाले हैं और इनमें अवसर आ रहे हैं. हाल के रुझानों को देखें तो ई-लर्निंग प्लेटफार्मों, ऑनलाइन मीटिंग प्लेटफार्मों और मनोरंजन सेवाओं में नए करियर के अवसर उपलब्ध हो सकते हैं.

सवाल : आर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स और बिग डाटा को ध्यान में रखते हुए भविष्य के लिए कौन से बदलाव देखे जा सकते हैं?

जवाब: बीमाकर्ता आज अपने ग्राहकों को रियल टाइम सोल्युशंस प्रदान करने के लिए इंटरनेट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्लॉकचेन, मशीन लर्निंग आदि का लाभ उठा रहे हैं. भारतीय बीमा बाजार में IoT, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बिग डेटा का दायरा टेलीमैटिक्स और कस्टमर रिस्क असेसमेंट से कहीं आगे है. मानव स्पर्श (Human Touch) को हटाने के बजाय, ऑटोमेशन हमें व्यक्तिगत और मानवीय अनुभवों को बड़े पैमाने पर पेश करने में मदद ही करेगा. इससे फ्रंट और बैक ऑफिस के कामकाज का ऑटोमेशन कर, बीमाकर्ताओं के पास वर्करों को सार्थक कार्य प्रदान करने और नियमित लेनदेन के बजाय संबंधों पर जोर देने के अवसर आएंगे. एआई और अन्य टूल्स बाकी लोगों को वे सभी काम करने के लिए स्वतंत्र कर देगे जिसे वे सबसे अच्छा करते हैं: जैसे प्रेरणा देना, क्रिएट करना, प्रभाव जमाना, लीडरशिप पैदा करना, जज करना, समस्या का समाधान करना और वकील करना आदि.

सवाल : इस क्षेत्र में एंट्री के लिए कौनसे कोर्स किए जा सकते हैं?

जवाब : कई पेशेवर संस्थान हैं जो छात्रों के लिए बीमा में उत्कृष्ट पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं. इसके अतिरिक्त, IRDA ने इंश्योरेंस इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया को एक जांच निकाय के रूप में मान्यता दी है जो जीवन और गैर-जीवन बीमा के क्षेत्र में कई विशिष्ट डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स प्रदान करता है. संस्थान बीमा एजेंटों, कॉर्पोरेट एजेंटों के लिए पूर्व-भर्ती परीक्षा आयोजित करता है. इंश्योरेंस इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया इंश्योरेंस सर्वेयर और लॉस एसेसर्स के लिए प्री-लाइसेंसिंग टेस्ट के लिए जांच करने वाली संस्था भी है.

सवाल : अपनी कंपनी के हाइरिंग प्रोसेस के बारें में बताएं?

जवाब : जैसा कि पहले बताया जा चुका है, हमने अपनी एचआर भर्ती प्रक्रिया में डिजिटल प्रक्रियाओं को भी इन्टीग्रेट किया है. हमारे यहाँ रोजगार के अवसर तलाशने के लिए हमारी वेबसाइट jobs.bjaz.in पर विज़िट करना चाहिए. हमारी वेबसाइट में एक इन-बिल्ट जॉब रिकमेंडेशन इंजन है, जो जॉब सीकर के बायोडाटा से प्रमुख स्किल्स के साथ-साथ अपेक्षित जॉब ओपनिंग के लिए जरूरी स्किल्स को चुनता है. फिर उसके अनुसार मैच करता है और उस जॉब की सिफारिश करता है. एक बार जब उम्मीदवार पसंदीदा नौकरी खोज लेते हैं, तो बस तीन क्लिक कर आवेदन कर सकते हैं. प्रोफाइल सबमिट करने के बाद, उसका मूल्यांकन हमारी एचआर टीम द्वारा किया जाता है. यदि उम्मीदवार उपयुक्त लगता है, तो टीम अगले राउंड के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को बुलाती है. अन्य राउंड में शामिल हैं – रोबोटिक

इंटरव्यू, रिपोर्टिंग मैनेजर के साथ इंटरैक्शन, एचआर टीम के साथ क्रॉस फंक्शनल इंटरैक्शन और फाइनल राउंड.

सवाल : आप किस प्रकार का कौशल या स्किल चाहते हैं और आप उसका मूल्यांकन कैसे करते हैं?

जवाब : यदि आपके अंदर लोगों से बातचीत करने का रुझान, कुछ सेल करने की योग्यता है और लोगों की समस्याओं को हल करने का जज्बा है तथा उन्हें वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने की ललक है, तो बीमा एक आपके करियर के लिए सबसे अच्छा विकल्प है. बजाज एलियांज जनरल इंश्योरेंस में जो कुछ महत्वपूर्ण सॉफ्ट स्किल्स जरूरी है, वे हैं- कोलैबोरेटिव माइंडसेट, स्ट्रैटेजिक थिंकिंग, रिजल्ट ओरिएंटेशन, कस्टमर ओरिएंटेशन, कम्युनिकेशन स्किल्स एंड लीडरशिप. इन कौशलों का मूल्यांकन रोबोट वीडियो साक्षात्कारों के माध्यम से किया जाता है जो उम्मीदवारों को अपने घर के आराम से साक्षात्कार में भाग लेने की सुविधा देता है और इन महत्वपूर्ण मैट्रिक्स पर प्रत्येक उम्मीदवार का मूल्यांकन करने में हमारी मदद करता है.

सवाल : आपकी कंपनी और इस सेक्टर में विकास की क्या संभावनाएं हैं?

जवाब : जीडीपी के 1% से कम प्रवेश (penetration) की वजह से देश के विभिन्न शहरों और गांवों में अभी भी बीमा आउटरीच की बड़ी गुंजाइश है. जहां तक बात हमारी कंपनी बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस की है तो यह लगातार मुनाफा कमाने में सक्षम रही है. यह एकमात्र जनरल इंश्योरेंस कंपनी है जिसने शुरुआत से ही साल दर साल मुनाफा कमाया है.